महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## सामाजिक बदलाव की दिशा में संवाद का नया अध्याय : 'सेवा संकल्प-2026' का आयोजन गुरुवार को

**वर्धा, 12 अगस्त 2026 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के वर्धा समाज कार्य संस्थान एवं सामाजिक नीति अनुसंधान प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में 'सेवा संकल्प-2026' के अंतर्गत संवाद बैठक का आयोजन गुरुवार, 13 अगस्त को प्रातः10:30 बजे किया जा रहा है।




वर्धा समाज कार्य संस्थान के निदेशक प्रो. के. बालराजु ने बताया कि इस संवाद बैठक का उद्देश्य सामाजिक सेवा, समाज कार्य तथा सामाजिक नीति के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के साथ संवाद एवं समन्वय स्थापित करना है। बैठक में विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ सामाजिक विकास, जनकल्याण एवं सेवा कार्यों से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. कुमुद शर्मा करेंगी। संयोजक के रूप में वर्धा समाज कार्य संस्थान के सहायक प्रोफेसर डॉ. शिवसिंह बघेल सहित संबंधित प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे।

प्रो. बालराजु ने कहा कि समाज कार्य शिक्षा को व्यवहारिक सामाजिक सरोकारों से जोड़ने तथा सामाजिक संस्थाओं के साथ सहयोगात्मक कार्य को बढ़ावा देने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है। संवाद बैठक के माध्यम से सामाजिक सेवा के क्षेत्र में नई संभावनाओं, साझेदारी और प्रभावी हस्तक्षेपों पर चर्चा की जाएगी।

## सामाजिक परिवर्तनाच्या दिशेने संवादाचे नवे पर्व : 'सेवा संकल्प-2026' गुरुवारी

**वर्धा, 12 ऑगस्ट 2026 :** महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के वर्धा समाजकार्य संस्थान आणि सामाजिक धोरण संशोधन प्रकोष्ठ यांच्या संयुक्त विद्यमाने 'सेवा संकल्प-2026' अंतर्गत संवाद बैठक गुरुवार, 13 ऑगस्ट रोजी सकाळी 10:30 वाजता आयोजित करण्यात येणार आहे.

वर्धा समाजकार्य संस्थानचे निदेशक प्रो. के. बालराजू यांनी सांगितले की सामाजिक सेवा, समाजकार्य तसेच सामाजिक धोरणाच्या क्षेत्रात कार्यरत विविध संस्था आणि संघटनांमध्ये संवाद व समन्वय प्रस्थापित करणे हा या संवाद बैठकीचा प्रमुख उद्देश आहे. या बैठकीत विविध संस्थांच्या प्रतिनिधींसोबत सामाजिक विकास, जनकल्याण आणि सामाजिक सेवा कार्याशी संबंधित विविध विषयांवर विचारविनिमय करण्यात येणार आहे. कार्यक्रमाच्या अध्यक्षस्थानी कुलगुरू प्रो. कुमुद शर्मा राहतील. कार्यक्रमाचे संयोजक सहायक प्रोफेसर डॉ. शिवसिंह बघेल यांच्यासह संबंधित संस्थांचे प्रतिनिधी बैठकीत सहभागी होतील.

समाजकार्य शिक्षणाला प्रत्यक्ष सामाजिक प्रश्न व गरजांशी जोडणे तसेच सामाजिक संस्थांसोबत सहकार्यात्मक कार्याला चालना देणे या दृष्टीने 'सेवा संकल्प-2026' हा उपक्रम महत्त्वपूर्ण असल्याचे प्रो. के. बालराजू यांनी सांगितले. या संवाद बैठकीच्या माध्यमातून सामाजिक सेवा क्षेत्रातील नवीन संधी, संस्थात्मक भागीदारी, समन्वय आणि प्रभावी सामाजिक हस्तक्षेप याबाबत सविस्तर चर्चा करण्यात येईल.

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305